शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, महासमुंद
राष्ट्रीय सेवा योजना महिला इकाई

नियमित गतिविधि एवं शिविर प्रतिवेदन

2018-19

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, महासमुंद
राष्ट्रीय सेवा योजना महिला इकाई

, शनिवार, 23 जून 2018 **महासमुंद जिला** हरिभूमि 1
omi.com

महाविद्यालय में महिला शक्ति केन्द्र की होगी स्थापना
शासन द्वारा निर्धारित मानदेय पर करेंगे कार्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, महासमुंद में महिलो शक्ति केन्द्र की स्थापना की जाएगी। महिला बाल विकास विभाग कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार विगत दिनों प्राचार्य, महिला बाल विकास के द्वारा जिले सभी रासेयो इकाई के कार्यक्रमों अधिकारियों के बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि प्रत्येक विकासखण्ड के लिए 200 वालेन्टियर एनएसएस एवं एनसीसी के स्वयं सेवक 6 माह में प्रति घंटा 50 रूपए शासन द्वारा निर्धारित मानदेय पर कार्य करेगें। 25 स्वयं सेवक समूह के आठ बैच प्रत्येक ब्लाक के लिए होंगे। प्रत्येक महिला शक्ति केन्द्र में 4 सदस्य एवं एक शासन द्वारा नियुक्त शासकीय प्रतिनिधि होगें। योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं में शासन से अपने अधिकार प्राप्त करने, महिलाओं में जागरूकता पैदा करने एवं प्रशिक्षण के माध्यम सश्क्त बनाना। प्रशिक्षित स्वयं सेवक परिवर्तन वाहक के रूप में कार्य करेंगें।

इस योजना के महाविद्यालयीन स्तर पर संरक्षक प्राचार्य, डॉ. एसके चटर्जी, डॉ. ए करीम पूर्व समन्वयक रासेयो एवं डॉ. एएल पटेल, जिला संगठक, महासमुंद मार्गदर्शक होंगें। बैठक में मुख्य रूप से रासेयो कार्यक्रम अधिकारी, डॉ. मालती तिवारी, अजय कुमार राजा, प्रदीप कन्हेर, एनसीसी अधिकारी, श्री ओम प्रकाश मरावी बागबाहरा, श्रीमती अनिता पटेल सरायपाली, डॉ. सरस्वती वर्मा, विनोद संगोलकर, श्रीमती तारा चन्द्राकर, श्रीमती सरोज चन्द्राकर, जितेन्द्र पटेल, डॉ. एसके साव उपस्थित थे।

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य कॉलेज रा.से.यो. द्वारा महिला शक्ति केंद्र की होगी स्थापना

patrika.com
पत्रिका . महासमुंद. बुधवार. 20.06.2018
महासमुंदपत्रिका .12

महिला शक्ति केन्द्र के लिए
कॉलेजों के स्वयंसेवकों का पंजीयन शुरू

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

महासमुंद. महिला शक्ति केन्द्र की स्थापना के संबंध में शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद में महिला बाल विकास विभाग द्वारा 18 जून को जिले समस्त रासेयो इकाई के कार्यक्रम अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई।

प्रत्येक विकासखंड के लिए 200 वालिंटियर एनएसएस एवं एनसीसी के स्वयं सेवक छः माह में प्रति घंटा 50 रुपए शासन द्वारा निर्धारित मानदेय पर कार्य करेंगे। 25 स्वयंसेवक समूह के आठ बैच प्रत्येक ब्लॉक के लिए होंगे।

बैठक... बैठक में उपस्थित विभिन्न कॉलेजों के पदाधिकारी।

योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं में शासन से अपने अधिकार प्राप्त करने, महिलाओं में जागरूकता पैदा करने एवं प्रशिक्षण के माध्यम सशक्त बनाना है। प्रशिक्षित सवयं सवेक परिवर्तन वाहक के रूप में कार्य करेंगे। इस योजना के महाविद्यालयीन स्तर पर संरक्षक प्राचार्य, डॉ. एसके चटर्जी, डॉ. ए करीम पूर्व समन्वयक रासेयो एवं डॉ. एएल पटेल जिला संगठक मार्गदर्शक होंगे।

बैठक में ये रहे मौजूद

बैठक में स्वयं सेवक के चयन के लिए निर्धारित प्रारूप तैयार किया गया एवं निर्धारित प्रपत्र भराकर पंजीयन प्रारंभ किया गया। इसके लिए भूतपूर्व एवं वर्तमान पंजीकृत स्वयंसेवक पात्र होंगे। बैठक में मुख्य रूप से रासयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मालती तिवारी, अजय कुमार राजा, प्रदीप कन्हेर, एनसीसी अधिकारी महासमुंद, ओमप्रकाश मरावी बागबाहरा, अनिता पटेल सरायपाली, डॉ. सरस्वती वर्मा माता कर्मा महाविद्यालय महासमुंद आदि मौजूद थे।

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य कॉलेज रा.से.यो. द्वारा महिला शक्ति केंद्र के निर्माण हेतु कॉलेज से स्वयंसेवकों का पंजीयन शुरू

र्ष - 13 अंक - 116 महासमुंद, मंगलवार 31 अक्टूबर 2017 डाक-01 नवम्बर 2017 पृष्ठ-08 मूल्य 1.00

ला जुला महासमुंद, मंगलवार, 31 अक्टूबर 2017

राष्ट्रीय एकता दिवस पर महासमुंद में दौड़ का आयोजन

महासमुंद। सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती के अवसर पर आज यहां शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान से प्रारंभ एकता दौड़ में विधायक डॉ. विमल चोपड़ा, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, कलेक्टर हिमशिखर गुप्ता, नगर पालिका परिषद और पंचायत के जनप्रतिनिधिगण के साथ–साथ बड़ी संख्या में विभिन्न स्कूलों और महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं, एनएसएस, एनसीसी, स्काउट गाईड, नेहरू युवा केन्द्र के युवाओं, खिलाड़ी, शासकीय कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा गणमान्य नागरिक शामिल हुए।
दौड़ के पहले अपने संक्षिप्त उद्गार में विधायक डॉ. चोपड़ा ने कहा कि लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल पूरे देश के नेता थे। उन्हें किसी सीमाओं में नहीं बांधा जाना चाहिए। देश के 526 रियासतों का विलय कर उन्होंने देश को एकीकृत किया और सशक्त बनाया। पूनम चंद्राकर ने कहा कि सशक्त राष्ट्र निर्माण की दृष्टि से सरदार वल्लभ भाई पटेल की भूमिका अविस्मणीय है। विधायक ने राष्ट्रीय एकता दौड़ को झंडी दिखाकर रवाना किया। दौड़ के पहले विधायक डॉ. चोपड़ा ने उपस्थित जनसमुदाय को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई।

जिला कार्यालय में ली गई शपथ

राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर आज सुबह 11 बजे जिला कार्यालय के परिसर में संयुक्त कलेक्टर एसके तिवारी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर महासमुंद में दौड़ का आयोजन

श्रमदान किया।

हर्बल गार्डन में साफ-सफाई कर किया गया पौधरोपण

महासमुंद (नईदुनिया न्यूज)। शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा संचालित हर्बल गार्डन में शनिवार को प्राचार्य डॉ. एसके चटर्जी के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी महिला इकाई डॉ. मालती तिवारी के निर्देशन में स्वयं सेवकों द्वारा श्रमदान एवं पौधरोपण किया गया। गार्डन में लगे औषधि पौधों, सुरक्षा झाड़ियों की साफ-सफाई एवं औषधि पौधों की रोपाई कार्य किया। महाविद्यालय में जमीन खाली था। जिसे पूर्व प्राचार्य डॉ. एके खरे के निर्देशन में प्रारंभ किया गया। हर्बल गार्डन, वनौषधि बहुत से पौधे वन विभाग के सहयोग से मीठा तुलसी, गिलोय, रक्तचंदन, अडूसा, शंखपुष्पी, अश्वगंधा, सर्पगंधा, लेमन ग्रास, श्याम तुलसी, पत्थरचट्टा, अंजवायन, पदीना, शंखपुष्पी, एलोवेरा, हल्दी, गेंदा, सतावर आदि पौधे रोपे गए। इस अवसर पर स्वयं सेवक लक्ष्मण सिन्हा, दुर्गेश पटेल, डोमेश्वरी ध्रुव, गजेंद्र पटेल, मोनिका पटेल, रोशन ध्रुव, तीरूमाला, भोज कुमारी, दिव्या साहू, पुष्पेंद्र चंद्राकर, सुरेश कुमार, नोमेश देवांगन, शीतल साहू, गणेश साहू उपस्थित थे।

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य कॉलेज रा.से.यो. के स्वयंसेवकों द्वारा हर्बल गार्डन में पौधारोपण का कार्य

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, महासमुंद

राष्ट्रीय सेवा योजना महिला इकाई

नईदुनिया ... 12 अक्टूबर 2018 — महासमुंद जि...

साहसिक शिविर के लिए दो रासेयो कैडेट का चयन

हिमाचल के धर्मशाला के लिए बुधवार को रवाना

महासमुंद। नईदुनिया न्यूज

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद की राष्ट्रीय सेवा योजना महिला इकाई की स्वयंसेवक ईश्वरी ध्रुव पिता घासीराम बीएससी भाग दो एवं शीतल साहू पिता गोपाल साहू बीकॉम भाग दो का मनाली (हिमांचल प्रदेश) में आयोजित साहसिक शिविर 2018 -19 के लिए चयन हुआ है। उक्त स्वयंसेवक 12 से 21 अक्टूबर तक अटल बिहारी बाजपेई इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग एवं एलाइड स्पोर्ट्स धर्मशाला हिमाचल प्रदेश में आयोजित साहसिक शिविर में छत्तीसगढ़ राज्य टीम के साथ प्रतिनिधित्व करने बुधवार को प्रस्थान कर चुकी हैं। उक्त छात्रा के चयन पर महाविद्यालय प्राचार्य एवं रासेयो संरक्षक डॉ. एसके चटर्जी, पूर्व समन्वयक एवं मार्गदर्शक डॉ. ए करीम,

डॉ. एएल पटेल, जिला संगठक कार्यक्रम अधिकारियों में छात्रा प्रमुख छत्तीसगढ़ डॉ. मालती तिवारी, कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार राजा, सहायक रासेयो कार्यक्रम अधिकारी सरस्वती सेठ, डॉ. दुर्गावती भारती, वरिष्ठ स्वयंसेवक जितेंद्र चंद्राकर, दीपक दुबे, लक्ष्यदूत समिति के पदाधिकारी एवं लक्ष्मी सिन्हा, वरिष्ठ स्वयंसेवक लक्ष्मण सिन्हा, संजय यादव, गजेंद्र पटेल, ममता विश्वकर्मा, मोनिका पटेल, दिव्या साहू, प्रकाशमणि, नेहा सहिस, तिरुमाला साहू, गणेश साहू ने शुभकामनाएं दी है।

साहसिक शिविर के लिए दो रा.से.यो.के कैडेट का हिमाचल प्रदेश में आयोजित शिविर के लिए चयन

नईदुनिया रायपुर, शनिवार 06 अक्टूबर 2018 — महासमुंद जिला

महिला शक्ति केंद्र से देंगे सरकार की योजनाओं की जानकारी

महासमुंद। नईदुनिया न्यूज

राज्य महिला सशक्तिकरण मिशन के अंतर्गत महासमुंद जिले में महिला शक्ति केंद्र की स्थापना की गई है। यहां पांच ब्लाक की योजना संचालित है। महासमुंद ब्लाक में 100 ग्राम पंचायतों के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना, एनसीसी कैडेट, एनएसएस, एनसीसी के बच्चों को नियुक्त किया गया है।

योजना संचालित करने के लिए पांच अक्टूबर से दो दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया है। पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एस के चटर्जी, महिला बाल विकास अधिकारी ज्योति चतुर, महाविद्यालय संकाय सदस्य डॉ. मालती तिवारी, डॉ. सरस्वती वर्मा, अजय कुमार राजा, प्रदीप कन्हेर, विमला पांडव द्वारा माल्यार्पण एवं सरस्वती मां की पूजा-अर्चना एवं प्रज्वलन कर किया गया।

महिला बाल विकास अधिकारी को पुष्पगुच्छ भेट करते शिक्षक। फोटो : नईदुनिया

योजना की जानकारी डॉ. मालती तिवारी द्वारा दी गई। उन्होंने बताया कि महासमुंद ब्लाक के पंचायतों में स्वयंसेवक प्रमुख योजनाओं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा, प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, मिशन इंद्रधनुष, उजाला योजना के तहत सहानुभूति और सक्षम की भावना के साथ ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं से संपर्क करना और योजनाओं को उन तक पहुंचाना है। इसके अलावा अन्य और योजनाएं संचालित है। इस अवसर पर डॉ. आतिफ अली, अन्नपूर्णा श्रीवास्तव, डॉ. विपिन रॉय, डॉ. कृति सिन्हा, डॉ. मानवी अभिषेक पांडे, डागेश्वर साहू उपस्थित थे।

महिला शक्ति केंद्र से देंगे सरकार की योजनाओं की जानकारी

14 नईदुनिया रायपुर, सोमवार 08 अक्टूबर 2018 — महासमुंद जिला

रासेयो, एनसीसी कैडेट, एनएसएस ने 100 ग्राम पंचायतों को किया जागरूक

पीजी कॉलेज में दो दिवसीय प्रशिक्षण का समापन

महासमुंद। नईदुनिया न्यूज

राज्य महिला सशक्तिकरण मिशन के अंतर्गत महासमुंद जिले में महिला शक्ति केंद्र की स्थापना की गई है। इसके तहत शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया, जिसमें महासमुंद ब्लाक के 100 ग्राम पंचायतों में जागरुकता के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना, एनसीसी कैडेट, एनएसएस, एनसीसी के बच्चों को प्रशिक्षण दिया गया।

प्रथम दिवस उद्घाटन सत्र में रासेयो महिला इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मालती तिवारी ने प्रतिवेदन पाठ किया। गांव में संचालित समस्त योजनाओं को क्रियान्वित करने के उद्देश्य की जानकारी विस्तारपूर्वक दी गई। द्वितीय सत्र में डॉ. कीर्ति सिन्हा द्वारा गर्भवती महिलाओं एवं किशोरियों के लिए महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी गई। दंत चिकित्सक डॉ.

प्रशिक्षण में उपस्थित प्रशिक्षक, स्वयंसेवक एवं प्राध्यापक गण। फोटो : नईदुनिया

मालवीय ने दांतों से संबंधित रोगों के बारे में जानकारी एवं उसके बचाव से अवगत कराया। ब्लाक चिकित्सा अधिकारी डॉ. विपिन राय ने स्वास्थ्य विभाग में मिलने वाली महिलाओं की विभिन्न सुविधाओं की जानकारी दी। दूसरे दिवस छह अक्टूबर को प्रथम सत्र में अपर्णा श्रीवास्तव द्वारा महिला एवं बाल विकास योजना द्वारा चलाई जा रही योजनाओं जो गांव के प्रत्येक महिलाओं तक पहुंचे जिनसे वह वंचित हैं की जानकारी दी। अशोक साहू सहायक संचालक द्वारा स्वरोजगार योजना के बारे में जानकारी प्रदान की गई। दुर्गा राव ने महिलाओं की सुरक्षा के प्रमुख योजनाओं की जानकारी दी। जिसमें पुलिस सहायता और विधिक संबंधी काउंसिलिंग की जानकारी के साथ हेल्पलाइन नंबर से अवगत कराया। चतुर्थ सत्र में डॉ. मालती तिवारी, अजय कुमार राजा, डॉ. सरस्वती वर्मा एवं प्रदीप कन्हेर ने 11 सेक्टर का विभाजन कर समूह गतिविधि की जानकारी देते हुए सेक्टर का विभाजन एवं ग्रुप लीडर का चयन किया। समूह एक में मणिकर्णिका छिन्दौली दलनायक श्रद्धा साहू को बनाया गया। इसी प्रकार समूह दो सूर्योदय बरोंडाबाजार में शीतल साहू, समूह तीन जिज्ञासा भोरिंग में गुंजा मन्नाड़े, समूह चार आत्मविश्वास बिरकोनी में गजेंद्र पटेल, समूह पांच मैरीकॉम झलप में अखिला रानी, समूह छह लक्ष्मण सिरपुर में सूरज वर्मा, समूह सात ज्ञान ज्योति बेमचा में ममता विश्वकर्मा, समूह आठ निर्भया पटेवा में ममता पटेल, समूह नौ नारी शक्ति कोसरंगी में मोनिका पटेल, समूह 10 शक्ति लभरा खुर्द में प्रशांत पात्रे एवं समूह 11 कुछ फर्ज हमारा भी तुमगांव में लक्ष्मण सिन्हा को दल नायक बनाया है। सभी को दायित्व संभालने महिला शक्ति से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर महिला बाल विकास विभाग की विमला पांडे, अपर्णा श्रीवास्तव, राजेश्वरी सोनी, अभिषेक पांडे, नागेश्वर साहू शामिल है।

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य कॉलेज में दो दिवसीय प्रशिक्षण का समापन 100 ग्राम पंचायत को किया जागरूक

16 नईदुनिया रायपुर, शनिवार 13 अक्टूबर 2018

दो दिवसीय प्रशिक्षण में शामिल हुए एनएसएस कैडेट्स

महासमुंद। नईदुनिया न्यूज

राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों के लिए आठ एवं नौ अक्टूबर को दो दिवसीय प्रशिक्षण पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का विषय 'नेतृत्व एवं कृतित्व विकास एवं बाल अधिकार' था। जिसमें शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद रासेयो इकाई के छह स्वयंसेवक दिव्या साहू, नेहा सहिस, वेदमती, प्रकाशमणि, कुलेश्वर साहू, नोमेश देवांगन एवं शासकीय माता कर्मा कॉलेज से गुंजा मन्नाड़े, पूजा जांगड़े, इंडियन कॉलेज से बरखा चंद्राकर, हेमन्त कोसरिया शामिल हुए।

प्रशिक्षण में बाल विवाह के कारण एवं रोकथाम के उपाय, शोषण के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई, बाल अधिकार

प्रमाणपत्र दिखाते एनएसएस कैडेट्स। फोटो : नईदुनिया

एवं संरक्षण, व्यक्तित्व विकास आदि विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान का आयोजन किया गया। सभी स्वयंसेवकों को महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. एसके चटर्जी ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

नेतृत्व एवं कृतित्व विकास का बाल अधिकार गुस्सा पर दो दिनों से प्रशिक्षण में शामिल हुए रा.से.यो. कैडेट्स

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, महासमुंद

राष्ट्रीय सेवा योजना महिला इकाई

संवाद साधना
महासमुंद, रविवार 28 अक्टूबर 2018

हस्ताक्षर अभियान

महासमुंद। स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत आज एनएसएस द्वारा शहर के प्रमुख चौक–चौराहों में मतदान के लिए लोगों को जागरूक करने हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम की शुरूआत सबसे पहले शहर के बरोंडा चौक से किया गया जिसमें नोडल अधिकारी मालती तिवारी, प्रोफेसर अजय राजा और एनएसएस के छात्र–छात्राएं उपस्थित थे। चौक–चौराहों में खड़े लोगों को इस अभियान में भाग लेते हुए आगामी विधानसभा, लोकसभा और शेष सभी चुनावों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। हस्ताक्षर अभियान में लोगों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। ज्ञात हो कि स्वीप प्लान के तहत शहर सहित जिले में मतदाताओं को शत–प्रतिशत मतदान करने के लिए लगातार जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें लोग बढ़–चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।

मतदान जागरूकता कार्यक्रम के तहत प्रमुख चौक चौराहे पर हस्ताक्षर अभियान

20 नईदुनिया
रायपुर, रविवार 28 अक्टूबर 2018
महासमुंद

गतिविधि — पीजी कॉलेज परिसर स्थित हर्बल गार्डन में एक दिवसीय शिविर, नवप्रवेशी स्वयंसेवकों का किया अभिनंदन

रासेयो के कैडेटों ने की हर्बल गार्डन में पौधों की देखभाल

महासमुंद। नईदुनिया न्यूज

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद के राष्ट्रीय सेवा योजना महिला एवं पुरुष इकाई के स्वयंसेवकों का महाविद्यालय परिसर के हर्बल गार्डन में शनिवार को एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया।

प्रथम सत्र कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एसके चटर्जी, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मालती तिवारी, अजय कुमार राजा उपस्थित थे। मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष पूजा-अर्चना के बाद लक्ष्य गीत उठे समाज के लिए उठे उठे से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अजय कुमार राजा द्वारा नियमित गतिविधि की जानकारी दी गई। ग्रुप विभाजन कर स्वयंसेवकों ने हर्बल गार्डन की झाड़ियों की कटाई, औषधि पौधों की सुरक्षा, सिंचाई, खाद डाला।

महाविद्यालय के हर्बल गार्डन में जुटे स्वयंसेवक। फोटो : नईदुनिया

गार्डन के पौधों में खाद डालने के लिए जुटे स्वयंसेवक। फोटो : नईदुनिया

द्वितीय सत्र में नवप्रवेशी स्वयंसेवकों का अभिनंदन किया गया। बैच डायरी का वितरण किया गया। एनएसएस की डायरी जिसमें नियमित गतिविधि के अंतर्गत किए जाने वाले प्रत्येक गतिविधि का उल्लेख करते हैं। डॉ. मालती तिवारी द्वारा विभिन्न शिविर की जानकारी एवं एनएसएस व्यक्तित्व विकास का लक्ष्य है। तीन वर्ष पूरा करने पर बी एवं सी प्रमाण पत्र की पात्रता होती है।

इस अवसर पर वरिष्ठ स्वयंसेवक विजय कुमार, ग्रुप लीडर लक्ष्मण सिन्हा, वैशाली ठाकुर, शीतल, दुर्गेश साहू, रोशन, गजेंद्र पटेल, दिव्या साहू, ईश्वरी ध्रुव, लक्ष्मण सिंह, रावत सेन, ममता विश्वकर्मा, कुलेश्वर साहू, प्रकाशमणि साहू आदि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

शासकीय एमवीपीजी कॉलेज के रा.से.यो. कैडेटस ने की हर्बल गार्डन की देखभाल व साफ सफाई

एनएसएस ने क्लाइंबिंग, रेसलिंग के साथ की 40 किमी ट्रैकिंग

महासमुंद। नईदुनिया न्यूज

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद के राष्ट्रीय सेवा योजना महिला इकाई की दो स्वयंसेवक ईश्वरी ध्रुव बीएससी भाग-दो एवं शीतल साहू बीकॉम भाग-दो का चयन नरकंडा साहसिक शिविर हिमांचल प्रदेश के लिए हुआ था। स्वयंसेविकाओं ने 12 से 21 अक्टूबर तक 10 दिवसीय शिविर में भाग लिया। 24 अक्टूबर को महासमुंद पहुंचे।

छत्तीसगढ़ के 20 सदस्यीय टीम के साथ विभिन्न कार्यक्रमों में उनकी सहभागिता रही। जैसे वॉल क्लाइंबिंग, रेसलिंग नोट लगाना, वैली क्रासिंग, माउंटिंग और 40 किलोमीटर ट्रैकिंग, 11152 ऊंचाई सिर कोटी पर्वत की ऊंचाई पर चढ़ाई, बौद्धिक परिचर्चा, सांस्कृतिक कार्यक्रम, योगा, पीटी, व्यायाम में शामिल हुए। उक्त जानकारी डॉ. मालती तिवारी कार्यक्रम अधिकारी द्वारा दी गई।



पर्वतारोहण करते एनएसएस के छात्र।

स्वयंसेवकों के साहसिक यात्रा से वापस लौटने पर प्राचार्य महाविद्यालय डॉ. एसके चटर्जी, पूर्व समन्वयक डॉ. ए करीम, डॉ. रीता पांडेय, कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार राजा, रासेयो सहायक कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दुर्गावती भारती, सरस्वती सेठ, जितेंद्र चंद्राकर, दीपक दुबे, ईश्वर चंद्राकर, भानूप्रिया पाटकर, लक्ष्मण सिन्हा, गजेंद्र पटेल, गणेश कुमार साहू, वैशाली ठाकुर, मोनिका पटेल, तिरूमला ने शुभकामनाएं दी।

कैंप के दौरान एनएसएस के छात्र। फोटो : नईदुनिया

शासकीय एमवीपीजी कॉलेज के चयनित दो रा.से.यो. कैडेट ने की क्लाइंबिंग रेसलिंग के साथ की 40 कि.मी की ट्रैकिंग

पत्रिका . महासमुंद, सोमवार, 26 नवम्बर 2018
patrika.com

एनएसएस से जुड़ने की अपील

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

महासमुंद. शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना महिला और पुरुष इकाई दिशा-निर्देश की कक्षा महाविद्यालय में आयोजित की गई। सर्वप्रथम डॉ. मालती तिवारी कार्यक्रम अधिकारी, अजय राजा कार्यक्रम अधिकारी एवं वरिष्ठ स्वयंसेवक विजय कुमार मिर्चे एवं छात्र-छात्राओं द्वारा मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

शीतल साहू द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। राष्ट्रीय सेवा योजना सद्भावना गीत गूंजे गगन में, महके पवन में, हर एक दिल में सद्भावना गीत, कुमारी मोनिका, शीतल, ईश्वर, दिव्या साहू द्वारा प्रस्तुत किया गया। इसके बाद वैशाली ठाकुर द्वारा अपना शिविर का अनुभव बताया। इसके साथ ही गणेश साहू, ईश्वरी ध्रुव, शीतल साहू ने राष्ट्रीय शिविर हिमाचल प्रदेश नरकंडा कुल्लू-मनाली का अनुभव बताया। अजय कुमार राजा ने विश्वविद्यालय, राज्य स्तरीय और राष्ट्रीय स्तर की जानकारी देते हुए छात्र-छात्राओं को एनएसएस में जोड़ने की जानकारी दी। डॉ. मालती तिवारी ने छात्र-छात्राओं को बताया कि एनएसएस में बहुत से अवसर मिलते हैं, अध्ययन से जहां एक और ज्ञान की प्राप्ति होती है। इस अवसर पर लक्ष्मण सिन्हा, वैशाली ठाकुर, मोनिका, गजेंद्र, दुर्गेश, संजय, कुलदीप लाखे, दिव्या साहू, लक्ष्मी सिन्हा, पूर्णिमा सिन्हा उपस्थित थे।

कार्यक्रम.. गीत प्रस्तुत करती हुई छात्राएं।

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य कॉलेज रा.से.यो. महिला एवं पुरुष इकाई के द्वारा दिशा निर्देश कक्ष में एन.एस.एस. से जुड़ने की अपील

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, महासमुंद

राष्ट्रीय सेवा योजना महिला इकाई

नईदुनिया
रायपुर, सोमवार 26 नवंबर 2018
महासमुंद

कार्यक्रम | पीजी कॉलेज में स्वयंसेवकों के लिए लगाई गई दिशा-निर्देश कक्षा

समय प्रबंधन व कर्तव्यनिष्ठा का गुण सिखाती है एनएसएस

महासमुंद। नईदुनिया न्यूज

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद की राष्ट्रीय सेवा योजना महिला एवं पुरुष इकाई का दिशा-निर्देश कक्षा 25 नवंबर को महाविद्यालय में आयोजित की गई। कार्यक्रम में सर्वप्रथम कार्यक्रम अधिकारी महिला इकाई डॉ. मालती तिवारी, अजय राजा, वरिष्ठ स्वयंसेवक विजय कुमार मिर्चे एवं छात्र-छात्राओं ने मां सरस्वती की पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम के शुभारंभ में शीतल साहू ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की।

राष्ट्रीय सेवा योजना सद्भावना गीत गूंजे गगन में महके पवन में हर एक दिल में सद्भावना गीत मोनिका, शीतल, ईश्वरी, दिव्या साहू ने प्रस्तुत किया। पश्चात इस वर्ष पूर्व गणतंत्र दिवस परेड में चयनित वैशाली ठाकुर ने अपना शिविर का अनुभव बताया। वहीं गणेश साहू, ईश्वरी ध्रुव, शीतल साहू ने राष्ट्रीय शिविर हिमांचल प्रदेश नरकंडा कुल्लू मनाली का अनुभव बताया। इस अवसर पर वरिष्ठ स्वयंसेवक विजय मिर्चे ने सभी छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना में जुड़ने कहा, जिससे व्यक्तित्व का विकास हो सके। अजय कुमार राजा ने विश्वविद्यालय, राज्य स्तरीय और राष्ट्रीय स्तर पर जानकारी देते हुए छात्र-छात्राओं को एनएसएस में दिल से जोड़ने की जानकारी दी।

दिशा-निर्देश कक्षा में स्वागत गीत की प्रस्तुति देती छात्राएं।

डॉ. मालती तिवारी ने छात्र-छात्राओं को बताया कि एनएसएस में बहुत से अवसर मिलते हैं। अध्याय अध्ययन से जहां एक ओर ज्ञान की प्राप्ति होती है। वहीं राष्ट्रीय सेवा योजना व्यवहारिक पक्ष सिखाती है। जिससे जुड़कर आप अनुशासन, नियम, समय, प्रबंध, नैतिक जिम्मेदारी, कर्तव्यनिष्ठा के गुण सिखाती है। कार्यक्रम अधिकारियों ने मतदान जागरूकता में राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर कार्य किया। इसके लिए उनका आभार व्यक्त किया गया। एनएसएस द्वारा संचालित हर्बल गार्डन में श्रमद[an] का कार्य साफ-सफाई, सिंचाई का किया गया। इस अवसर पर दल नायक लक्ष्मण सिन्हा, वैशाली ठाकुर, मोनिका, गजेंद्र, दुर्गेश, संजय, कुलदीप, लाखे[...] दिव्या साहू, लक्ष्मी सिन्हा, पूर्णिमा सिन्हा, सुरेश बरिहा, सूरज वर्मा सहित स्वयंसेवक उपस्थित थे।

पौधों की साफ-सफाई करते छात्र-छात्राएं।

समय प्रबंधन कर्तव्य निष्ठा का गुण सिखाता है एन.एस.एस.

संवाद साधना
महासमुंद, गुरुवार 29 नवंबर 2018

'मताधिकार में सभी नागरिकों की भागीदारी देश विकास में सहायक'

'भारतीय चुनाव प्रणाली एवं मतदान व्यवहार' पर सेमिनार

महासमुंद। शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 28 नवंबर को राजनीति विभाग के तत्वावधान में एक दिवसीय विभागीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में महाविद्यालय की एमए प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर राजनीति विज्ञान के विद्यार्थी उपस्थित थे। सेमिनार का विषय भारतीय चुनाव प्रणाली एवं मतदान व्यवहार था। हेमलता वर्मा एवं छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। विषय पर प्रकाश डालते हुए प्राचार्य डॉ. चटर्जी ने कहा भारतीय संविधान में मतदान प्रणाली की प्रासंगिकता एवं मताधिकार में सभी नागरिकों की भागीदारी को देश विकास में सहायक बताया। विभाग अध्यक्ष डॉ. एसबी कुमार ने भारतीय चुनाव 1952 से 1967 तक भारतीय जनतंत्र पर प्रकाश डाला। उन्होंने मतदान व्यवस्था के उदय, सिद्धांत, व्यवहार एवं उनकी कमियों को रेखांकित किया। एमएस वर्मा ने भारतीय जनतंत्र में चुनाव की भूमिका स्वतंत्रता के पूर्व भारत की स्थिति तथा भारतीय चुनाव यात्रा का प्रस्तुतीकरण किया। छात्र-छात्राओं ने विगत चुनाव प्रक्रिया, आचार संहिता, जनता का कर्तव्य, विगत चुनाव में मताधिकार की भूमिका मतदान की प्रक्रिया लोकसभा विधानसभा चुनाव में प्रत्याशियों की भूमिका आदि जिसमें पितांबर सिन्हा, दिलीप साहू, पूजा चंद्राकर, अश्वनी सेन, खुशबू पटेल, पूजा चंद्राकर, नम्रता सेन, रश्मि चंद्राकर, दिनेश्वरी ठाकुर, छाया पटेल, ज्योति चंद्राकर, भावना साहू, सीमा साहू, गजेंद्र ने अपना विचार प्रस्तुत किया। सेमिनार में विद्यार्थी द्वारा प्रस्तुत विषय पर समीक्षा करते हुए डॉ. मालती तिवारी ने कहा कि लोकतंत्र में मतदान व्यवहार आधार शिला है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदान व्यवहार चुनावो प्रक्रिया जिसमें विभिन्न दल उम्मीदवारों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। लोकतंत्र में मताधिकार का प्रयोग प्रत्येक नागरिकों को करना चाहिए। उनके द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन एमएस वर्मा सहायक प्राध्यापक ने किया।

मताधिकार में सभी नागरिकों के भागीदारी देश के विकास में होती है सहायक

14 नईदुनिया
रायपुर, सोमवार 03 दिसंबर 2018
महासमुंद

पीजी कॉलेज में रासेयो स्वयंसेवकों के लिए दिशा-निर्देश कक्षा का आयोजन

महासमुंद। नईदुनिया न्यूज

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद की राष्ट्रीय सेवा योजना महिला एवं पुरुष इकाई के स्वयंसेवकों के लिए दो दिसंबर को कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मालती तिवारी एवं अजय कुमार राजा के नेतृत्व में दिशा निर्देश की कक्षा आयोजित की गई। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रम संचालित किए गए, जिसमें सर्वप्रथम छात्र-छात्राओं द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर पूजन-अर्चना कर कार्यक्रम शुभारंभ किया गया। मोनिका एवं साथियों ने राष्ट्रीय सेवा योजना सद्भावना गीत 'गूंजे गगन में महके पवन ने हर एक दिल में सद्भावना' प्रस्तुत किया।

सात दिवसीय विशेष शिविर स्वच्छता के लिए युवा थीम पर प्रस्तावित शिविर की जानकारी प्रदान की गई। शिविर के लिए स्वयंसेवकों का चयन किया गया। शिविर में होने वाले प्रत्येक गतिविधियों जिसमें योगा, पीटी, बौद्धिक सत्र श्रमदान एवं विभिन्न विभागों के सहयोग से किस प्रकार शिविर आयोजित की जाती है, से अवगत कराया गया। साथ ही अध्यापन के अतिरिक्त एनएसएस में अपना समय देते हैं। छात्र-छात्राओं द्वारा 240 घंटा दो वर्ष में पूर्ण करने पर बी प्रमाण पत्र प्राप्त पात्रता होती है। प्रत्येक गतिविधियों का विवरण डायरी में उल्लेख करने की जानकारी दी गई।

महाविद्यालय के एनएसएस इकाई में बुक बैंक संचालित है। एनएसएस में जोड़ने वाले स्वयंसेवकों को मुफ्त पुस्तक प्रदाम की जाती है, जो उनके अध्ययन के लिए बहुत ही उपयोगी होती है। स्वयंसेवक वार्षिक परीक्षा तक इन किताबों से अध्ययन कर लाभ लेते हैं। एनएसएस द्वारा संचालित हर्बल गार्डन में ग्रुप विभाजन कर स्वयंसेवक कार्य करते हैं। जिसके तहत तिरुमला सूरज गजेंद्र ग्रुप द्वारा गार्डन में पौधे रोपित किए गए। जिसमें औषधि युक्त एवं उपयोगी पौधे आम, छबिला, तेजपत्ती, बादाम, रामफल, नागपुष्प, बोहारभाजी, डालिया, सेवंती फूल का रोपण किया। एनएसएस के स्वयंसेवक निरंतर महाविद्यालय अध्यापन के अलावा अपने कार्य को गति प्रदान कर रहे हैं।

बच्चों की भागीदारी इकाई की श्रेष्ठता को दर्शाती है। इकाई के स्वयंसेवक बहुत प्रतिभावान छात्र-छात्राएं हैं। जिसमें लक्ष्मण, दुर्गेश पटेल, मोनिका साहू, वैशाली, तिरुमला, वासु, प्रकाश, प्रशांत, दिव्या, देवबती, रुख्मणी, गुंजा, ईश्वरी, टोमन उपस्थित थे।

परिसर की साफ-सफाई करने के बाद उपस्थित स्वयंसेवक।

शासकीय एमवीपीजी कॉलेज में रा.से.यो. स्वयंसेवकों के लिए दिशा निर्देश कक्षा का आयोजन।

राष्ट्रीय अभियोजक

• महासमुन्द, • सोमवार
• 3 दिसम्बर से 9 दिसम्बर 2018

संविधान दिवस पर पीजी कॉलेज में कार्यक्रम सम्पन्न

छात्रों को दी गई संविधान के बारे में जानकारी



संविधान दिवस के अवसर पर शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्त्वावधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें देश के संविधान के बारे में महत्त्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट. राजेश्वरी सूर्यवंशी एवं विशेष अतिथि के रूप में डॉ. अनुसूया अग्रवाल, डॉ. एस.बी. कुमार एवं डॉ. मालती तिवारी उपस्थित थीं तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस.के. चटर्जी ने की।

मुख्य अतिथि राजेश्वरी सूर्यवंशी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए छात्र–छात्राओं को संविधान से जुड़ी महत्त्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। छात्रा वंदना सेन, मुस्कान बागड़ी, प्रियंका दीप व भूपेंद्र सिन्हा ने भारतीय संविधान की विशेषता, संविधान निर्माण में डॉ. भीमराव अंबेडकर के उल्लेखनीय योगदान, संविधान के अनुच्छेद, स्वतंत्रता, समानता के अधिकार आदि पर अपने विचार रखे।,

इस कार्यक्रम का संचालन एम.एस. वर्मा एवं आभार प्रदर्शन डॉ. मालती तिवारी ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक लक्ष्मण सिंह, कुलेश्वर, प्रकाश, माली, गणेश साहू, वेद कुमारी सहित बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।

शासकीय एमवीपीजी कॉलेज में संविधान दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन कर संविधान के बारे में दी गई जानकारी

पत्रिका . महासमुंद, गुरुवार , 6 दिसंबर 2018
patrika.com

र्यशाला : चैंपियन फॉर चिल्ड्रन विचार निर्माण पर हुआ कार्यक्रम

बच्चों और युवाओं में आत्मविश्वास बढ़ाने के बताए तरीके

त्रिका न्यूज़ नेटवर्क
atrika.com

हासमुंद. पं. रविशंकर श्वविद्यालय-रायपुर राष्ट्रीय सेवा जना और यूनिसेफ छत्तीसगढ़ के हयोग से दो दिवसीय कार्यशाला 3 और 4 दिसंबर को चैंपियन फॉर चेल्ड्रन विचार निर्माण विषय पर अग्रसेन भवन बसना में आयोजित की गई।

कार्यशाला में रायपुर, बलोदाबाजार, महासमुंद के 50 कार्यक्रम अधिकारी सम्मिलित हुए। दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में यूनिसेफ दिल्ली के प्रभा संस्था से नीरू मल्होत्रा, तान्या शर्मा प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित थे। इन्होंने 2 दिन के चारों सत्र में बताया कि बच्चों और युवाओं के व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास, नैतिक जिम्मेदारी, नेतृत्व क्षमता, सामाजिक एवं राष्ट्रीय गतिविधियों उनकी महत्वपूर्ण भूमिका कैसी हो, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी बच्चों में उनके व्यक्तित्व विकास की क्षमता को बढ़ाने के लिए किन-किन माध्यमों से उन्हें इस दिशा में संलग्न करने के उपाय, सहानुभूति, समस्या का खोज सलाह एवं मार्गदर्शन किस प्रकार किया जा सकता है, इस पर जानकारी दी गई। कार्यक्रम अधिकारियों को प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण, बाल अधिकार संरक्षण में कार्यक्षमता बढ़ाने में एनएसएस की भूमिका कैसी हो, इसके लिए प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यक्रम... दो दिवसीय कार्यशाला में शामिल हुए प्रशिक्षक।

प्रशिक्षणार्थियों को मिला प्रमाण-पत्र

प्रशिक्षणार्थी को डॉ. समरेंद्र सिंह राज्य संपर्क अधिकारी छत्तीसगढ़ शासन, डॉ. नीता बाजपेई कार्यक्रम समन्वयक पं. रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर, डॉ. एएल पटेल जिला संगठन द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इसमें महासमुंद ब्लॉक से डॉ. मालती तिवारी पीजी कॉलेज, सरिता तिवारी कन्या शाला, नियाज अली इंडियन कॉलेज, सुरेंद्र सागर पटेवा, आशुतोश जुल्फे, तारेन्द्र चंद्राकर, अनीता बंजारी गुड शेफर्ड स्कूल, राधा श्याम बालाजी कॉलेज प्रशिक्षण में सम्मिलित हुए।

पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर राष्ट्रीय सेवा योजना और यूनिसेफ छत्तीसगढ़ के सहयोग से दो दिवसीय कार्यशाला 3 . 4 दिसंबर को चैंपियन फॉर चिल्ड्रन विचार निर्माण विषय पर कार्यक्रम का आयोजन

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, महासमुंद

राष्ट्रीय सेवा योजना महिला इकाई

पत्रिका . महासमुंद, गुरुवार, 13 दिसम्बर 2018
patrika.com

संदेश: छात्र-छात्राएं ग्रुप में करते हैं पौधों की रखवाली

पीजी कॉलेज के एनएसएस के स्वयंसेवकों ने किया पौधरोपण

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

महासमुंद. शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद के राष्ट्रीय सेवा योजना महिला एवं पुरुष इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय के हर्बल गार्डन में विभिन्न पौधे रोपित किए जा चुके हैं।

गार्डन में 12 दिसंबर को साफ-सफाई कर विभिन्न पौधों का रोपण किया गया। इसमें जामुन, नींबू, विभिन्न प्रकार के जसवंत, पपीता एवं अन्य पौधे रोपित किए गए। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने अपने अध्ययन कार्य के बाद प्रतिदिन अलग-अलग ग्रुप के साथ हर्बल गार्डन में कार्य करते हैं। ग्रुप नंबर-1 ईश्वरी ध्रुव, गूंजन, वेद कुमार, गणेश मोनिका, ग्रुप नंबर-2 में प्रशांत, लक्ष्मी सिन्हा, पूर्णिमा, वर्षा सिन्हा, रुक्मणी, ग्रुप नंबर-3 में कुलेश्वर, दुर्गेश, टोमन, परस बंजारे, ग्रुफ नंबर-4 में लक्ष्मण, ऋषभ, संजय, प्रकाशमणि साहू, गजेंद्र, मुस्कान, भारती, वंदना, पांचवा ग्रुप में मोनिका पटेल, तीरूमाला साहू, वैशाली ठाकुर, शीतल साहू, सुरेश बरिहा, वीरेंद्र साहू, छठवें ग्रुप में सूरज वर्मा, तोषण, ममता, वेदमती, टिकेश्वरी और पद्मिनी हैं।

सराहनीय... पौधरोपण करते हुए छात्र-छात्राएं।

महाविद्यालय में हुआ स्वच्छता कार्यक्रम

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद में स्वच्छता कार्यक्रम रखा गया। इस कार्यक्रम में सभी छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में अपनी सहभागिता दी व स्वच्छ महाविद्यालय सुंदर महाविद्यालय की कल्पना को साकार किया।

इस अवसर पर छात्रसंघ अध्यक्ष गुप्तेश नामदेव एवं छात्रसंघ सचिव दिलीप टंडन ने खुद कमान सम्हाली। प्रभारी प्राचार्य डॉ. अनुसुइया अग्रवाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए हर माह स्वच्छता कार्यक्रम चलाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर वाणिज्य संकाय प्रभारी राजेश्वरी सोनी, परवीन करीम, विज्ञान संकाय प्रभार प्रदीप कन्हेर, बबीता प्रधान, कला संकाय प्रभारी आशुतोष गोस्वामी, एमएस वर्मा सहसंयोजक डॉ. मालती तिवारी, अजय राजा आदि ने उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। स्वच्छता कार्यक्रम में वरिष्ठ छात्र मनीष चंद्राकर, कपिल पेंदरिया, मुकेश पेंदरिया एवं कनिष्ठ छात्र राजेंद्र, तारिणी, विवेक, सूरज, नंदनी, कुलदीप, लक्की, प्रदीप, लवली, दुर्गेश, चेनिक, धैलेन्द्र, निखिल, हनी पाटकर, वाशु, ललित, नीलेश, प्रकाशमणि, प्रशांत एवं एनसीसी, एनएसएस, योगा के समस्त छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

शासकीय एमवीपीजी कॉलेज में रा.से.यो. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मालती तिवारी वा महिला एवं पुरुष इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा हर्बल गार्डन में पौधारोपण का कार्य

16 नईदुनिया
रायपुर, शुक्रवार 14 दिसंबर 2018
महासमुंद जिला

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य पीजी कॉलेज में वस्तुनिष्ठ बहुविकल्पीय प्रतियोगिता का आयोजन

प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कड़ी मेहनत अनिवार्य

महासमुंद। नईदुनिया न्यूज

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद में 13 दिसंबर को प्राचार्य डॉ. एसके चटर्जी के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मालती तिवारी के मार्गदर्शन में राजनीति विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के लिए भारतीय संविधान से संबंधित वस्तुनिष्ठ बहुविकल्पीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के एमए प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर राजनीति शास्त्र बीएससी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक प्रतियोगिता में सम्मिलित हुए। छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

डॉ. एसडी कुमार विभाग अध्यक्ष राजनीति शास्त्र ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं से आत्मविश्वास एवं सतर्कता में वृद्धि होती है। भारतीय संविधान विषय से हर तरह के प्रतियोगी परीक्षा में प्रश्न पूछे जाते हैं। ज्ञान होना अति आवश्यक

प्रतियोगिता में उपस्थित प्राध्यापक।

केवल आपका ज्ञान उसी विषय पर केंद्रित न हो, बल्कि प्रतियोगी परीक्षा के लिए विभिन्न विषयों का भी ज्ञान महत्वपूर्ण है। लिहाजा प्रतियोगी परीक्षा के लिए समग्र ज्ञान का होना अति आवश्यक है। प्रतियोगिता की दौड़ में कड़ी मेहनत एवं दृढ़ निश्चय की आवश्यकता है।

प्रोफेसर एमएस वर्मा ने कहा कि प्रतियोगिता में समय-समय पर भाग लेते रहना चाहिए। जिससे ज्ञान का विकास होता है। भारतीय संविधान, भारतीय राजनीति में डॉ. सुभाष कश्यप, रजनी कोठारी अन्य लेखकों के पुस्तक अध्ययन करने की जानकारी दी गई। इस अवसर पर सरस्वती सेठ सहायक प्राध्यापक रसायन शास्त्र एवं राष्ट्रीय सेवा योजना सहायक कार्यक्रम अधिकारी ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में समय के महत्व को सार्थक बताया। पत्र पत्रिकाएं और इंटरनेट की मदद से भी तैयारी की जा सकती है। इस अवसर पर अजय कुमार राजा कार्यक्रम अधिकारी उपस्थित थे। अधिक संख्या में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर इस प्रतियोगिता

शासकीय एमवीपीजी कॉलेज में वस्तुनिष्ठ बहुविकल्पीय प्रतियोगिताओं का किया गया आयोजन

18 नईदुनिया
रायपुर, रविवार 23 दिसंबर 2018
महासमुंद-धमतरी

आयोजन घुंचापाली में एनएसएस का सात दिवसीय विशेष शिविर शुरू

योग, पीटी, खेलकूद व रंगारंग कार्यक्रमों में डूबेगा घुंचापाली

महासमुंद। नईदुनिया न्यूज

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद के रासेयो महिला एवं पुरुष इकाई के संयोजन में ग्राम घुंचापाली (चंडी मंदिर, बागबाहरा) में 22 दिसंबर से सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

स्वच्छता ही सेवा थीम पर उक्त शिविर प्राचार्य डॉ. एसके चटर्जी, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मालती तिवारी, अजय कुमार राजा के नेतृत्व में आयोजित है। जिसका समापन 28 दिसंबर को पुरस्कार वितरण समारोह के साथ होगा। समाजसेवा के माध्यम से व्यक्तित्व विकास लक्ष्य को सार्थक करने शिविर आयोजित की जा रही है। महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य डॉ. अनसूया अग्रवाल, प्रोफेसर डॉ. ए करीम, प्रोफेसर करुणा दुबे, प्रोफेसर एस बरवा, डॉ. रीता पांडे, राजेश्वरी सोनी, सीमा रानी प्रधान, मुकेश सिन्हा, टीकम साहू, सरस्वती सेठ सहित महाविद्यालय परिवार ने शिवरार्थियों को हरी झंडी दिखाकर रवान्ना किया। शिविर अवधि में विभिन्न रचनात्मक एवं सृजनात्मक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। राष्ट्रीय सेवा योजना दिशा-निर्देश, रैली, नारा-लेखन, साफ सफाई, जन जागरूकता, विधि संबंधी जानकारी राष्ट्र विकास में युवाओं की भूमिका कैरियर मार्गदर्शन सिकलसेल रक्त परीक्षण, स्वास्थ्य शिविर, कौशल विकास, जैविक खाद निर्माण चाइल्ड लाइन की जानकारी बौद्धिक सत्र में जानकारी दी जाएगी।

साथ ही विद्यार्थियों के लिए एवं ग्रामीण जनों के लिए विभिन्न कार्यक्रम प्रश्न मंच, कार्ड मेकिंग, रंगोली, वेस्ट मैटेरियल, खेलकूद प्रतियोगिता पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। चंडी मंदिर में श्रमदान, गार्डन निर्माण एवं पौधरोपण का आयोजन किया जाएगा। प्रतिदिन योग पतंजलि के सहयोग से योगा, पीटी, पशु टीकाकरण, सांस्कृतिक खेलकूद एवं सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा।

घुंचापाली जाने से पहलेशिविरार्थियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते। फोटो : नईदुनिया

पत्रिका . महासमुंद, सोमवार, 24 दिसम्बर 2018
patrika.com

शिविर

युवाओं को सामाजिक कार्य करने के लिए किया प्रेरित

शिविर.. उद्बोधन सुनते हुए विद्यार्थी।

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

महासमुंद. महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद राष्ट्रीय सेवा योजना पुरुष एवं महिला संयुक्त इकाई का विशेष शिविर स्वच्छता ही सेवा थीम पर डॉ. एसके चटर्जी प्राचार्य एवं संरक्षक के मार्गदर्शन में डॉ. मालती तिवारी एवं अजय कुमार राजा कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में ग्राम घुचांपाली में 28 दिसंबर तक आयोजन किया जा रहा है। शीतल साहू द्वारा सरस्वती वंदना, कुलेश्वर साहू एवं परस बंजारे स्वागत गीत, जन सेवकों द्वारा लक्ष्य गीत प्रस्तुत किया गया। अतिथियों का श्रीफल एवं बैच लगाकर स्वागत क्या गया। अतिथि उद्बोधन की कड़ी में मुख्य अतिथि नीलकंठ चंद्राकर द्वारा कहा गया कि मिट्टी को ग– कर उसे आकार देकर एक सुंदर पात्र बनाया जा सकता है, ठीक उसी प्रकार आने वाले समय की रचना करने की जिम्मेदारी युवा वर्ग की है। व्यक्तित्व विकास करने के लिए इस प्रकार के सामाजिक कार्य में भाग लेना चाहिए। यहां आए हुए सभी निश्चित रूप से बहुत कुछ सीख कर जाएंगे, जो आगे जीवन में मार्ग प्रशस्त होगा। अध्यक्षता कर रही डॉ. अनुसुइया अग्रवाल ने कहा कि एनएसएस से जुड़करण स्वयंसेवक विद्यालय, परिवार, समाज मे एक अलग पहचान हासिल करते हैं। अनिता ने कहा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक में नई सोच, ऊर्जा और उमंग होना जरूरी है। महिला नागरिक बैंक की तरफ से शिवरार्थियों को सहयोग करने की अपील की। इसी क्रम में डॉ. रीता पांडे ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना महाविद्यालय में निरंतर अपनी गतिविधियों को एक नया अंजाम देते हुए ऊंचाई को प्राप्त करते हुए आगे बढ़ रहा है। संचालन अजय कुमार राजा कार्यक्रम अधिकारी एवं डाक्टर मालती तिवारी द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थी व प्राध्यापक उपस्थित थे।

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य कॉलेज रा.से.यो. कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं पुरुष इकाई द्वारा स्वयंसेवकों के साथ सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, महासमुंद

राष्ट्रीय सेवा योजना महिला इकाई

सम्माननीय मार्गदर्शक एवं सलाहकार

1. **डॉ.एस.के.चटर्जी**–प्राचार्य एवं संरक्षक शास.पी.जी.कॉलेज–महासमुन्द
2. **डॉ.ए.करीम** – पूर्व समन्वयक रा.से.यो. शास.पी.जी.कॉलेज–महासमुन्द
3. **डॉ.आर.के.परदल**–सिविल सर्जन, जिला मुख्य चिकित्सालय,महा.
4. **श्रीमती अनिता जी रावटे**–रा.से.यो. सम्माननीय सलाहकार
5. **श्रीमती अरूणा शुक्ला**– रा.से.यो. सम्माननीय सलाहकार
6. **श्रीमती तारिणी चन्द्राकर**– रा.से.यो. सम्माननीय सलाहकार
3. **श्रीमती साधना सिंह ठाकुर** –रा.से.यो. सम्माननीय सलाहकार

राष्ट्रीय सेवा योजना वरिष्ठ स्वंय सेवक लक्ष्यदूत समिति

1. **दीपक दुबे** – अध्यक्ष
2. **श्रीमती रेणुका चन्द्राकर** – उपाध्यक्ष
3. **जितेन्द्र चन्द्राकर** – सचिव
4. **श्रीमती अल्का साहू** – उपाध्यक्ष
5. **ईश्वर चन्द्राकर** – कोषाध्यक्ष

राष्ट्रीय सेवा योजना समिति एवं पदाधिकारी सत्र–2018–19

दलनायक एवं उप दलनायक

1. लक्ष्मण सिन्हा – बी.ए.अंतिम
2. गणेश साहू – बी.एस.सी. द्वितीय
3. गजेन्द्र पटेल – बी.काम द्वितीय

1. वैशाली ठाकुर – बी.काम.द्वितीय
2. ईश्वरी ध्रुव – बी.एस.सी. द्वितीय
3. शीतल साहू – बी.काम. द्वितीय

परियोजना कार्य

प्रतिदिन – प्रातः 6 बजे योगा एवं व्यायाम प्रशिक्षण – तिलक साव, संयोजक पतंजलि योग समिति, महासमुन्द,

- प्रातः 8 बजे – गार्डन निर्माण, वृक्षारोपण
- स्वच्छता अभियान श्रमदान, कुड़ादान निर्माण
- रात्रि कालिन 8 से 10 बजे – सांस्कृतिक कार्यक्रम
- प्रातः 8 से 11.30 – पशु चिकित्सा शिविर पशु चिकित्सालय, बागबाहरा, जिला–महासमुन्द (छ.ग.)

रक्तदान महादान

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, महासमुन्द (छ.ग.)

राष्ट्रीय सेवा योजना पुरूष एवं महिला इकाई

सात दिवसीय विशेष शिविर

''मुझको नहीं तुमको''

" स्वच्छता ही सेवा "

स्वच्छ भारत

एक कदम स्वच्छता की ओर

Not Me But You

ग्राम – घुंचापाली, चण्डी (बागबाहरा)

दिनांक : 22 दिसम्बर 2018 से 28 दिसम्बर 2018 तक

आमंत्रण

" समाज सेवा के माध्यम से व्यक्तित्व का विकास "

प्रतिष्ठा में,

श्रीमान/श्रीमती ------------------------------------

भवदीय

डॉ.मालती तिवारी	**अजय कुमार राजा**	**डॉ.एस.के.चटर्जी**
कार्यक्रम अधिकारी	कार्यक्रम अधिकारी	प्राचार्य (संरक्षक)
रा.से.यो. (महिला इकाई)	रा.से.यो. (पुरूष इकाई)	शा.म.व.स्नातकोत्तर महाविद्यालय, महासमुन्द
शा.म.व.स्ना.महा., महासमुन्द	शा.म.व.स्ना.महा., महासमुन्द	(07723) 222027
मो. : 9424240367	मो. : 9907228000	

ग्राम पंचायत एवं समस्त ग्रामवासी–घुंचापाली, चण्डी एवं समस्त स्वयं सेवक

श्रद्धा व आस्था का प्रतीक है माँ चण्डी मंदिर घुंचापाली (बागबाहरा)

परिचय

छत्तीसगढ़ के महासमुन्द जिले का बागबाहरा तहसील चारों ओर हरे–भरे वनों से अच्छादित है, बागबाहरा से दक्षिण की ओर ग्राम–घुंचापाली पहाड़ी पर माता चण्डी का भव्य मंदिर बना हुआ है पहाड़ी पर माता के दरबार तक भक्त सहज सुगमता से पहुँच सकते है धरातल से सौ मीटर की ऊँचाई पर माताजी स्वंयभू विशाल प्रतिमा का दर्शन होता है ।

माँ चण्डी की असीमकृपा से यह ग्राम प्रगति एवं विकास के मार्ग में अग्रसर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वच्छता शिक्षा जीवनशैली बौद्धिक विकास के प्रति ग्रामवासियों में जागरूकता शिविर का मुख्य उद्देश्य है ।

शिविरार्थियों के उत्साहवर्धन के लिए शिविर में आपकी गरिमामयी उपस्थिति प्रार्थनीय है ।

बौद्धिक कार्यक्रम

समय : दोपहर 2.30 से 4.30 बजे

दिनाँक 22–12–2018	– उद्घाटन समारोह
दिनाँक 23–12–2018	– डॉ.ए.करीम – पूर्व रा.से.यो. समन्वयक, रा.से.यो. दिशा निर्देश सुश्री राजेश्वरी सूर्यवंशी सचिव व्यवहार न्यायधीश–विधि संबंधी जानकारी
दिनाँक 24–12–2018	– श्रीमती साधना ठाकुर नारी मंच अधिवक्ता – राष्ट्र विकास में युवाओं की भूमिका, प्रश्नमंच,कार्ड मेकिंग, रंगोली, वेस्ट मटेरियल, खेल–कूद प्रतियोगिता
दिनाँक 25–12–2018	– **मा. श्री पूनम चन्द्राकर जी** अध्यक्ष– जनभागीदारी महाविद्याल, महासमुन्द वरिष्ठ स्वंय सेवक लक्ष्यदूत समिति कैरियर मार्गदर्शन पदाधिकारी एवं सदस्य श्रीमती तारिणी चन्द्राकर – आस्था हुमेन संस्था डॉ.समीक्षा भारती– कार्यक्रम अधिकारी
दिनाँक 26–12–2018	– जिला अस्पताल महासमुन्द / बागबाहरा सिकलसेल / रक्त परीक्षण श्री सुरेश शुक्ला– निदान सेवा परिषद, कौशल विकास जैविक खाद निर्माण व चाइल्ड लाईफ की जानकारी ।
दिनाँक 27–12–2018	– पुरस्कार वितरण , समापन समारोह
दिनाँक 28–12–2018	– मंदिर भ्रमण, शिविर समापन

लोकतंत्र यह पुकार, शत्–प्रतिशत मतदान

सात दिवसीय विशेष शिविर, उद्घाटन समारोह

(दिनांक 22–12–2018, समय : 3.00 बजे)

मुख्यअतिथि	:	**मा. श्री नीलकंठ चन्द्राकर** अध्यक्ष–चण्डी मंदिर ट्रस्ट समिति, बागबाहरा
अध्यक्षता	:	**डॉ.एस.के.चटर्जी** – प्राचार्य
विशिष्ट अतिथि	:	**मा. श्रीमती अनिता जी रावटे**– पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष–महासमुन्द
	:	**मा. श्री चन्द्रशेखर ध्रुव** सरपंच घुंचापाली, बागबाहरा

–:: पुरस्कार वितरण समारोह ::–

(दिनांक 27–12–2018, समय : सुबह 11.30 बजे)

मुख्यअतिथि	:	**मा.श्री विनोद चन्द्राकर** नव निर्वाचित विधायक, महासमुन्द
	:	**मा.श्री द्वारिकाधीश यादव** नव निर्वाचित विधायक, खल्लारी
अध्यक्षता	:	**मा.डॉ.एस.के.चटर्जी** – प्राचार्य
विशिष्ट अतिथि	:	**मा.श्री नीलकंठ चन्द्राकर** अध्यक्ष–चण्डी मंदिर ट्रस्ट समिति, घुंचापाली–बागबाहरा
	:	**मा.श्रीमती शशि तेजन चन्द्राकर** अध्यक्ष–जनपद पंचायत, बागबाहरा
	:	**मा.श्रीमती अरूणा शुक्ला** पूर्व अध्यक्ष–महिला नागरिक बैंक, महासमुन्द
	:	**श्री चन्द्रशेखर ध्रुव** – सरपंच

–:: विनीत ::–

– स्वागतोत्सुक –

समस्त राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयं सेवक

अजय कुमार राजा		**डॉ.मालती तिवारी**
कार्यक्रम अधिकारी		कार्यक्रम अधिकारी
रा.से.यो. (पुरूष इकाई)		रा.से.यो. (महिला इकाई)
शा.म.व.स्ना.महा., महासमुन्द		शा.म.व.स्ना.महा., महासमुन्द
मो. : 9926883000		मो. : 7247440641

सूखी धरती करे पुकार– वृक्ष लगा कर करो श्रृंगार